Publication: Alpviram	**Page no:** 03
Edition: Print	**Date:** 31.08.22

3 अल्पविराम– अहमदाबाद

31 अगस्त- 2022 बुधवार

5 अग्रणी सोशल इनोवेटर्स प्रतिष्ठित सोशल आंत्रप्रेन्यर ऑफ द ईयर अवॉर्ड इंडिया 2022 के फाइनलिस्ट बने

अहमदाबाद। द श्वाब फाउंडेशन फॉर सोशल आंत्रप्रेन्यरशिप और जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन ने 13वें सोशल आंत्रप्रेन्यर ऑफ द ईयर अवार्ड्स 2022 के फाइनल में पहुँचने वाले प्रतियोगियों की घोषणा की। कारोबार में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल कर चुके निम्नलिखित व्यक्तियों को बदलाव लाने वाले उनके सामाजिक उपक्रमों के साथ फाइनलिस्ट के रूप में चयन किया गया है।

1. ओसामा मंजर - डिजिटल एम्पावरमेंट फाउंडेशन www.defindia.org

2. अजैता शाह - फ्रंटियर मार्केट्स www.frontiermkts.com

3. अनिकेत डोएगर - हकदर्शक www.haqdarshak.com

4. विल्मा रॉड्रिग्ज - साहस जीरो वेस्ट और एनडजीओ साहस www.saahaszerowaste.com, www.saahas.org

5. मीरा शिनॉय - यूथ-4 जॉब्स www.youthyjobs.org

13वें सोशल आंत्रप्रेन्यर ऑफ द इयर (एसईओवाई) अवार्ड- इंडिया 2022 के विजेता की घोषणा गुरुवार, 15 सितंबर 2022 को आयोजित होने वाले समारोह में की जाएगी। इस पुरस्कार समारोह में दुनिया भर से कई क्षेत्रों की प्रतिभाशाली हस्तियाँ शिरकत करेंगी और इन जुनूनी व्यक्तियों के योगदान की सराहना करेंगी।(22-1)